# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–15 नवम्बर 2025** **सान्ध्य समाचार**

देश आज स्वतंत्रता सेनानी और जनजातीय नेता धरती आबा बिरसा मुण्डा की एक सौ पचासवीं जयंती मना रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोनभद्र जिले के चोपन में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने सोनभद्र जिले के लिये पांच सौ अड़तालीस करोड़ रूपये की चार सौ बत्तीस विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। जनजातीय गौरव दिवस समारोह में धरती आबा बिरसा मुण्डा को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि धरती आबा का संदेश नये भारत में राष्ट्र प्रथम की भावना के रूप में प्रकट हो रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनजातीय समुदायों के कल्याण के लिये की गयी पहल का उल्लेख करते हुए कहा कि–

***आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने पीएम जनमन योजना के अंतर्गत धरती आवाज जनजातीय ग्राम उत्तर संविधान प्रारंभ किया है, और संविधान के अंतर्गत मुझे बताते हुए प्रसंन्नता है कि इस अभियान के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के पांच सौ सत्रह गावों में जो जनजातीय बाहुल्य गांव है उन गांवों में बुनियादी सुविधाओं के साथ–साथ उनके समग्र विकास के लिए डबल इंजन की सरकार कार्य कर रही है।***

मुख्यमंत्री ने जनजातीय कल्याण को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए कहा कि पिछली सरकारें इस पर निर्णय नहीं ले पाती थीं।

***पिछली सरकारें निर्णय नही ले पा रही थीं। क्योकि वे जनजातीय समुदाय का शोषण करती थी। हमारी सरकार ने निर्णय लिया। कि वनाधिकार कानून में संसोधन के उपरान्त उन्हें पट्टा भी मिलना चाहिए। आज भी एक हजार से अधिक जनजातीय समुदाय के लोगों को उनके पट्टे उपलब्ध हो गये हैं और इससे पहले तेइस हजार से अधिक ऐसे पट्टे स्वीकृत किए जा चुके हैं।***

मुख्यमंत्री ने डबल इंजन सरकार में सोनभद्र में आये बदलाव की भी विस्तार से चर्चा की। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सहारनपुर में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए।

**********

केन्द्रीय रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह आज दो दिवसीय दौरे पर लखनऊ पहुंचे। दौरे के पहले दिन उन्होंने कैंट विधानसभा के कैंट मण्डल चार में वरिष्ठ कार्यकर्ता जन संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित किया। रक्षा मंत्री ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए के विजय की चर्चा करते हुए कहा कि यही परिणाम उत्तर प्रदेश में भी दोहराया जायेगा।

**********

पूर्व मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को प्रदेश सरकार ने स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नामित किया है। स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन का गठन केन्द्र की नीति आयोग के तर्ज पर किया गया है। मूल रूप से यह राज्य योजना आयोग का पुनर्गठित स्वरूप है।

**********

वाराणसी जिले के छावनी स्थित रणबांकुरे स्टेडियम में आठ नवम्बर से जारी सेना के अग्निवीर भर्ती रैली के अन्तर्गत आज देवरिया और गाजीपुर जिलों के अभ्यर्थियों की भर्ती प्रक्रिया सम्पन्न हुयी। कुल एक हजार दो सौ तैंतीस अभ्यर्थियों में से नौ सौ छानबे अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जिसमें से छः सौ इक्यावन को सफल घोषित किया गया। कल गाजीपुर जिले की जखनिया, सैदपुर और मोहम्मदाबाद तहसीलों के कुल एक हजार दो सौ साठ अभ्यर्थियों की भर्ती प्रक्रिया आयोजित की जायेगी।

**********

अयोध्या धाम स्थित श्रीराम मंदिर में आगामी पचीस नवम्बर को होने वाले ध्वजारोहण कार्यक्रम के चलते चौबीस नवम्बर की रात से रामलला के दर्शन आम श्रद्धालुओं के लिये बन्द कर दिये जायेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि सुरक्षा और कार्यक्रम की गरिमा को देखते हुए पचीस नवंबर को भक्त, मंदिर पहुंचकर दर्शन नहीं कर सकेंगे। टीवी और एलईडी स्क्रीन पर ध्वजारोण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण होगा। ध्वजारोहण समारोह की तैयारियों के बीच कल श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में माता सीता की रसोई का उद्घाटन सम्पन्न हुआ।

**********

सूचना, शिक्षा और मनोरंजन के प्रसार के साथ देश की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष आकाशवाणी संगीत सम्मेलन के सड़सठवें संस्करण का आयोजन देश भर के चौबीस केन्द्रों द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में आज आकाशवाणी वाराणसी द्वारा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संगीत एवं मंच कला संकाय के प्रेक्षागृह में संगीत सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन का शुभारम्भ पद्मभूषण देवी प्रसाद द्विवेदी के साथ क्लस्टर प्रमुख स्वतंत्र कुमार और कार्यक्रम प्रमुख अशोक पाण्डेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सम्मेलन में बनारस के प्रतिष्ठित कलाकार डॉक्टर शुभंकर डे ने शास्त्रीय गायन और मन्ना लाल यादव ने लोकगीतों की प्रस्तुति दी।

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी संभाग में अगले तीन दिनों तक सुबह के समय हल्के से मध्यम कोहरे की संभावना जताई है। विभाग के मुताबिक इस अवधि में मौसम शुष्क बना रहेगा और तापमान में किसी बड़े परिवर्तन की संभावना नहीं है।

**********